# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपों के उप–राज्यपाल ने फाइव–स्टार इको–टूरिज्म रिसॉर्ट्स विकास की आतिथ्य परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की सिफारिश की।
2. मत्स्य पालन विभाग की ओर से मछुआरों को नवनिर्मित 5 मीट्रिक टन क्षमता का आइस प्लांट समर्पित किया गया।
3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट और रिकॉर्ड किए गए उत्तर जारी कर दिए हैं।
4. मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के स्टाल आवंटन के लिए आवेदन कल तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग और औद्योगिक विकास निगम द्वारा श्री विजयपुरम और शहीद द्वीप में फाइव–स्टार इको–टूरिज्म रिसॉर्ट्स के विकास के लिए दिए गए दो पीपीपी प्रोजेक्ट्स की चयनित कंसेशनेयर कंपनी, शीराज प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के शीर्ष प्रबंधन ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल, सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कंपनी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पन्नू ने किया। बैठक में द्वीपसमूह में पर्यटकों की संख्या में आ रहे भारी उछाल को देखते हुए, उपराज्यपाल ने पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर चल रहे इन आतिथ्य परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की सिफारिश की।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से कल गोविंद नगर के मछुआरों को एक नवनिर्मित 5 मीट्रिक टन क्षमता का आइस प्लांट समर्पित किया गया। इस सुविधा का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, गोविंद नगर के प्रधान अजीत कुमार रॉय, श्याम नगर के प्रधान आलोक मृधा और स्थानीय मछुआरा समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। स्वराज द्वीप में फिशरीज़ इंफ्रास्ट्रक्चर को

मजबूत करने के लिए बनाए गए इस आइस प्लांट में प्रतिदिन 55 किलोग्राम के 120 बर्फ के ब्लॉक उत्पादन करने की क्षमता है। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत विकास के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए हाल के कई पहलों पर प्रकाश डाला, जिनमें अनन्य आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 'एक्सेस पास' जारी करना और व्यावसायिक स्तर पर 'ओपन सी केज कल्चर' की शुरुआत शामिल है। इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए मत्स्य पालन सचिव रजनीश कुमार सिंह, ने द्वीपसमूह में मत्स्य पालन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तटीय सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने और उन्हें और अधिक मजबूत बनाने के लिए हाल ही में समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस मरीन फोर्स की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन की अध्यक्षता में पुलिस मरीन फोर्स, जिला पुलिस, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों और सागर मित्रों ने भौतिक और वर्चुअल दोनों माध्यमों से भाग लिया। बैठक के दौरान बंदरगाहों, मछली लैंडिंग केंद्रों, मछली लैंडिंग बिंदुओं और अन्य संवेदनशील तटीय क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए अंतः–विभागीय समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, मछुआरा समुदाय की भागीदारी के माध्यम से खुफिया जानकारी जुटाने, पुलिस और सागर मित्रों के बीच नियमित बातचीत, सूचनाओं के आदान–प्रदान में सुधार और समुद्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, समर्पित संचार समूह बनाने, नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश जारी किए गए। मत्स्य पालन विभाग और क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा उठाए गए कई परिचालन संबंधी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी, में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। इच्छुक उम्मीदवार नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in के माध्मय से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। परीक्षा 28 नवम्बर को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट और रिकॉर्ड किए गए उत्तर जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार एनटीए की वेबसाइट neet.nta.nic.in. पर अपने आवेदन नंबर लॉग इन कर के अपनी ओएमआर शीट और उत्तर देख सकते है। यदि कोई उत्तर मेल नहीं खाता है, तो उम्मीदवार 200 रुपये के शुल्क का भुगतान करके चुनौती दे सकते हैं। ओएमआर चुनौती सुविधा कल तक उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, प्रशासन के अन्य संबद्ध विभागों के सहयोग से 17 से 19 जुलाई तक प्रदर्शनी मैदान में 'मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के दूसरे संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। विभाग ने द्वीप–आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, कैफे मालिकों, खाद्य उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, किसानों, स्टार्टअप्स, होम शेफ और स्थानीय उद्यमियों से स्टाल लगाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक प्रतिभागी स्टाल आवंटन के लिए अपना आवेदन कल तक परिचालन अनुभाग में जमा या ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, पर्यटन विभाग के प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम सेल ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत अल्पकालिक मुफ्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों में डिजिटल मित्र, फैशन डिजाइनर ऑटोमोटिव बॉडी पेंटिंग तकनीशियन और मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग तथा शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग वेल्डर शामिल है। इसमें प्रवेश के पात्र इच्छुक उम्मीदवार 28 जुलाई तक संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम सेल से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

उधर, डीब्रेट में लैटरल एंट्री के माध्यम से बी.टेक द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश के लिए समय–सारणी जारी की गई है। बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और. बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 जुलाई को समय सारणी अनुसार आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी संस्थान के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

डीम्ड यूनिवर्सिटी के तहत अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए 8 स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श की समय–सारणी जारी की गई है। पोर्टल पर अस्थाई योग्यता सूची आज जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां 17 जुलाई शाम 5 बजे तक कॉलेज के ईमेल पर भेजे जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 21 जुलाई को जारी की जाएंगी। इसके अलावा छात्र आवश्यक दस्तवेजों के साथ विषयवार 24 और 25 जुलाई को निर्धारित समय पर होने वाले परामर्श में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से जोड़ाकिलान स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर, में 16 से 24 जुलाई तक श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह रथयात्रा 16 जुलाई को श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर, जोड़ाकिलान से शाम साढ़े तीन बजे से आरंभ होकर श्री श्री राधेश्याम मंदिर, भातूबस्ती जाएगी। वापसी यात्रा 24 जुलाई को शाम साढ़े तीन बजे श्री श्री राधेश्याम मंदिर, भातुबस्ती से श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर, जोड़ाकिलान के लिए होगी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

<><><><><><><>